Phone : 2485594

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1-ए/आई0एन0एस0-1 आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

**UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD**

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

पत्रांक: 1240/D-25/नगर/सम्भल दिनांक: 6/4/17

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0),
सम्भल।

विषयः प्रस्तावित स्थल ग्राम–गुन्नौर अब्दुल हई, तहसील–गुन्नौर, बदायूँ रोड, जिला सम्भल के गाटा संख्या–347, 348 व 349 पर पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या–2123/5/रीडर–अ.प्र.पत्र/2016–17, दिनांक–03.12.2016 जोकि इस कार्यालय में दिनांक–15.12.2016 को प्राप्त हुआ का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त संबंध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा मैसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ द्वारा ग्राम–गुन्नौर अब्दुल हई, तहसील–गुन्नौर, बदायूँ रोड, जिला सम्भल के गाटा संख्या–347, 348 व 349 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के निर्माण हेतु आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के श्री राजीव कुमार, अनु0सहा0 द्वारा दिनांक–04.03.2017 को किया गया (निरीक्षण आख्या संलग्न है)। निरीक्षण आख्या के अनुसार संदर्भित स्थल पर इस शर्त के साथ पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप एग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

अमरेश कुमार
एरिया सेल्स मैनेजर
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पो० लि०
मुरादाबाद विक्रय क्षेत्र

08-01-2018

एस. के. सिन्हा
S. K. Sinha
विधिवत गठित न्यायवादी
Duly Constituted Attoney
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
Hindustan Petroleum Corporation Limited

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0), सम्भल के पत्र संख्या–2123/5/रीडर–अ.प्र.पत्र/2016–17, दिनांक–03.12.2016 के सदंर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–गुन्नौर अब्दुल हर्ड़, तहसील–गुन्नौर, बदायूँ रोड, जिला सम्भल के गाटा संख्या–347, 348 व 349 पर मैसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ के पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्याः–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक–04.03.2017 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय श्री सोनू पुत्र श्री एस.सी. गोयल प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित आउटलेट (पेट्रोल पम्प) ग्राम–गुन्नौर अब्दुल हर्ड़, तहसील–गुन्नौर, बदायूँ रोड, जिला सम्भल के गाटा संख्या–347, 348 व 349 पर स्थापित किया जाना है।
2. उक्त प्रस्तावित स्थल के पूरब दिशा में गुन्नौर–बदायूँ रोड, दक्षिण दिशा में श्री वीरपाल की कृषि योग्य भूमि, पश्चिम दिशा में श्री बाबू खाँ की कृषि योग्य भूमि तथा उत्तर दिशा में ग्राम–गुन्नौर लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है।
3. निरीक्षण के समय प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

(राजीव कुमार)
अनु0सहा0

सहा0वैज्ञा0अधि0/क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

06.4.17

06/04/2017

अमरेश कुमार
एरिया सेल्स मैनेजर
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पो० लि०
मुरादाबाद विक्रय क्षेत्र

08-01-2018

एस. के सिन्हा
S. K. Sinha
विधिवत गठित न्यायवादी
Duly Constituted Attoney
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
Hindustan Petroleum Corporation Limited